की बच्चियां जाती भी हैं तो एक-दो वर्ष जाने के बाद नहीं जा पाती हैं, ऐसी भयावह स्थिति है। इसलिए अगर सचमुच में भारत का कल्याण चाहते हैं, सुधार चाहते हैं तो हमें 75-80 प्रतिशत आबादी के लिए कुछ करना चाहिए। हमारे रिसोर्सेज विकास मंत्री जी बैठे हैं, मैं जानना चाहता हूं कि इस स्थिति में सचमुच में नयी शिक्षा नीति में या उस सिफारिश में कौन से व्यावहारिक, वास्तविक कार्यक्रम ग्रामीण अंचलों में लिये जा रहे हैं चाहे इस समिति के द्वारा या दूसरी समितियों के द्वारा ?

श्री पी० वी० नरसिंह राव : श्रीमन्, नयी शिक्षा नीति में जो कार्यक्रम बना है वह सभा पटल पर आ चुका है। उस पर दोनों सदनों में चर्चा होने वाली है। मैंने मांग की है कि चर्चा के लिए समय निकाला जाये। इतना मैं कह सकता हूं कि नयी शिक्षा नीति में और उसके अनुसार जो कार्यक्रम बनाया गया है उसमें ग्रामीण अंचल की लड़कियों की शिक्षा के बारे में इतना जोर दिया गया है और इतना व्यौरेवार कार्यक्रम बना है कि आप एक बार उसका अध्ययन करें और वैसे सारे सदस्य करेंगे ही और अब उस पर चर्चा होगी, तो मुझे अवश्य मौका मिलेगा और कुछ उस पर कहने का। मैं आज यह आश्वासन देना चाहता हूं कि उस पर पूरा-पूरा ध्यान दिया गया है। ...(व्यवधान)

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : : मंत्री महोदय ने ग्रामीण अंचल का कुछ नहीं बताया है। तो ग्रामीण अंचल में महिलाओं के कार्य के लिए उसमें क्या है ?

MR. CHAIRMAN : No, no. He said that the whole Action Programme is going to be discussed.

SHRIMATI MARGARET ALVA : Sir, I can specifically tell him that one of the important recommendations is that Day Care Centres or Creches will be attached to every school so tha; the elder girl can bring the little children, leave them in the creche and go to school and will not have to sit at home to look after the younger children. Besides this, we are also introducing certain programmes for adult women. We did have, what was known as, Functional Literacy for Adult Women. It has been discontinued for a short time and it is being re-introduced in a new form for women in the age group of 18 to 25 who have not been in regular school up till now.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Sir, one important area, or field of activities where greater thrust is required is women's sports .... (Interruptions) .... I would like to know from the honourable Minister as to which are the universities where separate departments or directorates have been set up for women's sports exclusively. In any case, what is the position in the Central Universities?

SHRIMATI MARGARET ALVA : Sir, we do not have separate directorates for women's sports in any of Our universities but we do have NIS Field Station in all universities which cater equally to the young students whether they are boys or girls. We are now having an annual sports event for women—the National Games for Women—which has become very popular and serves as an incentive for women's games.

MR. CHAIRMAN : Nex; question.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY : One question, Sir.

MR. CHAIRMAN : Mrs. Renuka Choudhury, you came too late. .. *(Interruptions'!..*

दिल्ली और जैसलमेर के बीच नई रेलवे लाइन

*387. श्री भंवर लाल पंवार : क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली और जैसलमेर के बीच, बरास्ता बीकानेर, एक रेल लाइन बनाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक।

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव-राव सिंधिया) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

श्री भंवर लाल पंडार : सभापति महोदय, पिछले दो सत्र से राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान की रेल सुविधाओं के बारे में मैं पूछ रहा हूं और यही स्टीरियोटाइप्ड जवाब आता है, नहीं सर ।

मान्यवर, जेसलमेर, बीकानेर देश की पश्चिमी सीमा पर स्थित है और यह एरिया बहुत ही संवेदनशील एरिया है । इस भाग में इन्दिरा गांधी नहर परियोजना का कार्य प्रगति पर है और सेना के लिए सामान ढोने की भी आवश्यकता है । तो इस भाग में परिवहन की आवश्यकता अत्यधिक है, इसमें तो कोई दो राय नहीं हो सकतीं ।

क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि पश्चिमी राजस्थान रेल मंत्रालय की विकास योजना में सम्मिलित भी किया हुआ है या नहीं और किया हुआ है तो इस भाग में कहां रेल लाईन यह डालने जा रहे हैं और नहीं तो उसका क्या कारण है ?

श्री माधव राव सिंधिया : सर, पश्चिमी राजस्थान में अभी सूरतगढ़ और बीकानेर के बीच रेल मार्ग में परिवर्तन का कार्य मीटरगेज से ब्राड गेज का चल रहा है और मार्च, 1987 तक यह कार्य सम्पन्न हो जाएगा ।

इसके अलावा जो दूसरे कार्य हैं राजस्थान प्रदेश में, उन पर नये रेल लाईनों पर लगभग 20 करोड़ रुपये इस वर्ष खर्च किये जाने वाले हैं जो समस्त देश के लिए जो धनराशि नई लाईन के लिए स्वीकृत की गई है, उसका 20 प्रतिशत हिस्सा है । तो काफी बड़ा हिस्सा राजस्थान को दिया गया है और राजस्थान के जो हित हैं, राजस्थान में जो विकास कार्य हैं, पूरी तरह से हमारा ध्यान उन पर है और हमारा प्रयास होगा कि जो जो कार्य हैं, उनका जल्दी से क्रियान्वयन किया जाए ।

श्री भंवर लाल पंडार : मान्यवर, यह जो परिवर्तन मीटर गेज से ब्राड गेज कर रहे हैं, यह पूरे राजस्थान का भाग है, या पश्चिमी राजस्थान का भाग है, जैसा मैंने निवेदन किया, बीकानेर से जेसलमेर बार्डर एरिया है । इस तरफ पश्चिमी राजस्थान में कोई योजना है या नहीं ?

श्री माधव राव सिंधिया : यहां आज की स्थिति में कोई योजना नहीं है । सर्वे कुछ किए गए हैं और उन सर्वे पर अभी अमल करने का कार्य हाथ में नहीं लिया गया है ।

MR. CHAIRMAN: Qustion Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Lack of facilities at the Indira Gandhi Airport Terminal

*388. SHRI K. VASUDEVA PANICKER:
SHRi F. M. KHAN:

Will the Minister of TRANSPORT be please^ to state:

(a) whether Government have received any representation from the users of the Indira Gandhi International Airport Terminal regarding the lack of basic amenities like drinking water, toilet facilities and a place to sit outside the airport;

(b) whether it is a fact that many-persons visit the airport to receive or to see off their friends/relatives;

(c) whether it is also a fsct that most of ths international nights arrive/leave Delhi either at mid-night or in thg early hours of morning;

(d) if so, whether Government propose to construct any waiting hall Outside the Indira Gandhi International Airport Theminal and at Palam Airport, for such persons;

(e) if not, the reasons therefor; and

(f) what other steps Government ate taking to provide relief to such persons?